# नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
# Northern Coalfields Limited
(मिनीरत्न कंपनी) (A Miniratna Company)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)(A subsidiary of Coal India Limited)


## भर्ती विभाग /Recruitment Department


CIN- U10102MP1985GOI003160
ISO 9001, ISO 14001, ISO 27001 & ISO 45001 Certified Company


पोस्ट-सिगंरौली कोलियरी, जिला- सिगंरौली (म.प्र.), पिन 486889 / Post- Singrauli Colliery, Distt- Singrauli (M.P.), PIN-486889
Phone: 07805-256573, email: recruitment.ncl@coalindia.in website: www.nclcil.in


क्रमांक : एनसीएल/ सिंग/मा.स./सीधी-भर्ती/2026-27/246 दिनांक : 10.07.2026

## रोजगार अधिसूचना (वैधानिक पद-खनन)

एनसीएल ऐसे भारतीय नागरिकों, से जो *'माइनिंग सरदार टी एण्ड एस ग्रेड- सी'* एवं *'सर्वेक्षक (खनन) टी एण्ड एस ग्रेड- बी '*पदों के लिए अधिसूचित न्यूनतम एवं आवश्यक योग्यता रखते हो, से सीधी भर्ती द्वारा अपनी ,मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले एवं उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित,कोयला खदानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में स्थायी नियुक्ति के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित करती है ।

## (1) महत्वपूर्ण तिथियाँ:

| गतिविधि | तिथियाँ |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण की प्रारम्भिक तिथि | 14-07-2026, पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 05-08-2026, रात्रि 11:59 बजे तक |

**नोट:**

1. *कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) तिथि की जानकारी एवं सीबीटी हेतु जारी प्रवेश पत्र की जानकारी वेबसाइट के माध्यम से अवगत कराई जाएगी। प्रवेश पत्र व्यक्तिगत लॉगिन पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड हेतु उपलब्ध होगा।*
2. *कृपया ऑनलाइन आवेदन करते समय एनसीएल की वेबसाइट www.nclcil.in पर लॉगिन पोर्टल के पेज पर उपलब्ध विस्तृत दिशा निर्देशों को अवश्य देखें।-अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे इस भर्ती से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए समयसमय पर वेबसाइट देखते रहें-, क्योंकि इस संबंध में सभी प्रकार की सूचना, चयन सूची इत्यादि केवल एनसीएल की वेबसाइट पर ""Career > Recruitment" टैब के अंतर्गत अपलोड ही किए जाएंगे।"*
3. *उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि समय तक प्रतीक्षा न करें और समय के भीतर अपने / आवेदन कोअच्छी तरह से पंजीकृत एवं जमा करें। यदि उम्मीदवार अंतिम समय की व्यस्तता या ऑनलाइन आवेदन जमा / अन्य समस्याओं के कारण अपना आवेदन जमा करवाने में असमर्थ रहते हैं/करवाने में किसी नेटवर्क समस्या, तो एनसीएल इसका जिम्मेदार नहीं होगा।*
4. *ऑनलाइन आवेदन भरते समय कोई भी प्रविष्टि करने या विकल्पों का चयन करने से पूर्व उम्मीदवारों को विज्ञापन में दिए गए दिशानिर्देशों को ध्यान से पढ़ लेना चाहिए।-*
5. ***ऑनलाइन पंजीकरण और फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 05.08.2026 है और इसे इस रोजगार सूचना/ विज्ञापन में महत्वपूर्ण तिथि (Crucial Date) के रूप में संदर्भित किया गया है। इस रोजगार सूचना/ विज्ञापन में दर्शाए गए समस्त पदों के संबंध में अभ्यर्थियों की समस्त वांछित योग्यताए और आरक्षण छूट लाभों का दावा करने के लिए 'महत्वपूर्ण तिथि' (Crucial Date) को या उसके पूर्व पूर्ण होने पर ही अभ्यर्थी संबंधित पद हेतु पात्र होंगे।***
6. *सभी पदों के लिए निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं अतः उच्च और प्रासंगिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।*
7. *दूरस्थ शिक्षा/ अंशकालिक या समकक्ष माध्यम से प्राप्त न्यूनतम योग्यताओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।*

## (2) पद/ रिक्तियाँ:- विभिन्न पदों और विभिन्न श्रेणियों की जानकारी **'तालिका क'** में दी गयी हैं।

**तालिका (क): <u>तालिका में वर्णित पद, रिक्ति एवं मूल वेतन।</u>**

| क्रं.सं. | पदनाम | बैकलॉग रिक्तियाँ | | | कुल रिक्तियाँ (बैकलॉग रिक्तियों सहित) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अन्य पिछड़ा वर्ग – नॉन क्रीमी लेयर | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अनारक्षित वर्ग | आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग – नॉन क्रीमी लेयर | कुल |
| 1 | **माइनिंग सरदार टी एण्ड एस ग्रेड- सी** | 2 | 1 | 1 | **101** | **25** | **51** | **13** | **64** | **254** |
| 2 | **सर्वेक्षक (खनन) टी एण्ड एस ग्रेड- बी** | 1 | 0 | 2 | **2** | **0** | **0** | **2** | **1** | **5** |

**नोट:** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा CIL के पत्र CIL/C-5A / MP& IR / RPwD/75 दिनांक 27/09/2024 के दिशा-निर्देशों के अनुसार माइनिंग सरदार एवं सर्वेयर के पद दिव्यांगजन (PwBD) हेतु चिन्हित पदों की सूची में सम्मिलित नहीं हैं। अतः माइनिंग सरदार एवं सर्वेयर के पदों पर PwBD अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण लागू **नहीं** है।

## (3) न्यूनतम आवश्यक योग्यता

**(अ) पद नाम: <u>माइनिंग सरदार तकनीकी एवं पर्यवेक्षकीय ग्रेड -सी</u>**

I. किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण।
II. कोयला खान विनियम 2017 के अनुरूप डीजीएमएस द्वारा जारी वैध '**माइनिंग सरदार का प्रमाण पत्र**' *अथवा* कोयला खान विनियम 2017 के तहत खनन में कोई अन्य प्रमाण पत्र जो आवेदक को कोयला खदान में माइनिंग सरदार के रूप में कार्य करने के लिए मान्य हो।
III. वैध गैस परीक्षण प्रमाण पत्र।
IV. वैध प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण पत्र।

*अथवा*

I. किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण।
II. किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से खनन अभियांत्रिकी में डिग्री या डिप्लोमा।
III. कोयला खान विनियम 2017 के अनुरूप डीजीएमएस द्वारा जारी वैध '**ओवरमैन का प्रमाण पत्र**' *अथवा* कोयला खान विनियम 2017 के तहत खनन में कोई अन्य प्रमाण पत्र जो आवेदक को कोयला खदान में माइनिंग सरदार के रूप में कार्य करने के लिए मान्य हो।
IV. वैध गैस परीक्षण प्रमाण पत्र।
V. वैध प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण पत्र।

**(ब) पद नाम: <u>सर्वेक्षक (खनन) तकनीकी एवं पर्यवेक्षकीय ग्रेड –बी</u>**

I. किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण।

II. कोयला खान विनियम 2017 के अंतर्गत जारी वैध **'सर्वेक्षक सक्षमता प्रमाण पत्र'** (सर्वेयर सर्टिफिकेट ऑफ कांपेटेंसी) *अथवा* कोयला खान विनियम 2017 के तहत खनन में कोई अन्य प्रमाण पत्र जो आवेदक को कोयला खदान में सर्वेक्षक के रूप में कार्य करने के लिए मान्य हो।

*अथवा*

I. किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से खनन/ खान सर्वेक्षण अभियांत्रिकी में डिग्री या डिप्लोमा।

II. कोयला खान विनियम 2017 के अंतर्गत जारी वैध **'सर्वेक्षक सक्षमता प्रमाण पत्र'** (सर्वेयर सर्टिफिकेट ऑफ कांपेटेंसी) *अथवा* कोयला खान विनियम 2017 के तहत खनन में कोई अन्य प्रमाण पत्र जो आवेदक को कोयला खदान में सर्वेक्षक के रूप में कार्य करने के लिए मान्य हो।

**विशेष नोट :**

क. **'महत्वपूर्ण तिथि'** वह तिथि है, जिसका उपयोग इस रोज़गार अधिसूचना के खंड '3' के अनुसार, उम्मीदवार की सभी दृष्टियों से पात्रता निर्धारित करने तथा आरक्षण/छूट के लाभों का दावा करने के लिए किया जाएगा।

ख. निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं; अतः उच्च और अनुरूप योग्यता रखने वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं।

ग. न्यूनतम योग्यताएं जो दूरस्थ शिक्षा/अंशकालिक या उनके समकक्ष के माध्यम से अर्जित किया गया है उस पर विचार **नहीं** किया जाएगा।

घ. रिक्तियों की कुल संख्या और आरक्षित रिक्तियां अस्थायी हैं और वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार बढ़-घट सकती हैं। परिणामों को अंतिम रूप देते समय विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण भारत सरकार के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

ङ. उपरोक्त मूल वेतन के अलावा वेतन समझौते के प्रावधानों के अनुसार अन्य भत्ते जैसे डीए, उपस्थिति बोनस, विशेष भत्ता, परिवहन सब्सिडी आदि भी स्वीकार्य हैं।

## (4) वेतनमान एवं पदों के लिए परिवीक्षा की अवधि:

**तालिका (ख): तालिका में वर्णित पदों के लिए परिवीक्षा की अवधि एवं वेतनमान।**

| क्र.स. | प्रवेश स्तर के पद | प्रवेश स्तर ग्रेड और वेतनमान जेबीसीसीआई)XI के अनुसार( | परिवीक्षा अवधि | सफल परिवीक्षा अवधि के बाद अभ्यर्थियों का ग्रेड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **माइनिंग सरदार<br>टी एण्ड एस ग्रेड- सी** | • टी एस & ग्रेड - सी<br>• (मासिक वेतन भोगी) मूलवेतन रु 47330.25 प्रति माह | 06 माह | तकनीकी एवं सुपरवाइजरी ग्रेड – सी |
| 2 | **सर्वेक्षक (खनन)<br>टी एण्ड एस ग्रेड- बी** | • टी एस & ग्रेड - बी<br>• (मासिक वेतन भोगी) मूलवेतन रु 51103.12 प्रति माह | 06 माह | तकनीकी एवं सुपरवाइजरी ग्रेड – बी |

मूल वेतन के अलावा, इस पद पर कंपनी के नियमों / राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता XI के अनुसार अन्य भत्ते, जैसे कि DA, उपस्थिति बोनस, विशेष भत्ता, परिवहन सब्सिडी, चिकित्सा सुविधा आदि भी शामिल हैं।

## (5) आरक्षण :

i. अनुसूचित जाति (एससी ) / अनुसूचित जनजाति (एसटी) / अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी- नॉन क्रीमी लेयर) केन्द्रीय सूची / ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) / ईएसएम (भूतपूर्व सैनिक) श्रेणियों हेतु आरक्षण भारत सरकार के द्वारा प्रदत्त नियमो, दिशा-निर्देशो, अधिसूचनाओं और इन मे समय-समय पर होने वाले संशोधनो के अनुरूप लागू होगा।

ii. रिक्तियों की कुल संख्या और आरक्षित रिक्तियां अनंतिम हैं और वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार भिन्न हो सकती हैं। विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण, परिणामों को अंतिम रूप देने के समय, आरक्षण के संबंध मे भारत सरकार के तत्कालीन लागू दिशा-निर्देशों के अनुरूप होगा।

iii. अनुसूचित जाति (एससी ) / अनुसूचित जनजाति (एसटी) / अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी- नॉन क्रीमी लेयर) केन्द्रीय सूची / ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) / ईएसएम (भूतपूर्व सैनिक) के लिए उपलब्ध आरक्षण/रियायत की मांग करने वाले सभी अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नियमों/ दिशा-निर्देशों में निर्धारित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण/ छूट के हकदार हैं। उन्हें नियम/ दिशा-निर्देशों में निर्धारण अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत करना होगा। आरक्षण/ रियायत लाभों का दावा करने के लिए लागू/ उपयुक्त निर्धारित प्रारूप इस रोजगार अधिसूचना के अंत में संलग्न किए गए हैं, अभ्यर्थी दावे हेतु इन्ही प्रारूपों में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे।

iv. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) के उम्मीदवार जो ऐसे पद के लिए आवेदन करते हैं जो उनके लिए आरक्षित नहीं हैं ,उनका अनारक्षित पद के लिए आवेदन माना जाएगा एवं उन्हें आयु और न्यूनतम योग्यता अंकों (कट-ऑफ अंक) में भी छूट नहीं मिलेगी और चयन के मामले में उन्हें अनारक्षित उम्मीदवारों के समान माना जाएगा। (हालांकि, ऐसे मामलों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क माफ है)।

v. ऐसे अभ्यर्थी जो आरक्षित श्रेणियों के लिए आवेदन करना चाहते हैं और आरक्षित श्रेणियों के लिए लागू अन्य रियायतें चाहते हैं, उन्हें इस तरह के आरक्षण का लाभ उठाने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप मे जारी अपेक्षित (संलग्नक अनुसार) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे ।

vi. ऐसे अभ्यर्थी जो अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर – केन्द्रीय सूची) हेतु लागू आरक्षण के आधार पर नियुक्ति चाहते हैं उनको यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास जाति प्रमाणपत्र (केवल केन्द्रीय सूची के लिए लागू) हो और वह महत्वपूर्ण तिथि पर क्रीमी लेयर वर्ग में न आता हो ।

vii. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) केन्द्रीय सूची हेतु लागू आरक्षण चाहने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपेक्षित प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप मे प्रस्तुत करना होगा, जिसमे स्पष्ट रूप से अभ्यर्थी का नाम, संबन्धित अधिनियम/आदेश जिसके तहत जाति विशेष अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) केंद्र सूची के अन्तर्गत आती है एवं गांव / कस्बा जिसमे अभ्यर्थी मूल रूप से निवासरत हैं, का उल्लेख हो। केवल केंद्र सरकार द्वारा जारी आरक्षित जाति/ समुदायों की सूची में शामिल जाति विशेष से संबन्धित अभ्यर्थी ही जाति/ समुदाय के आरक्षण का लाभ पाने का पात्र होगा।

viii. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) केन्द्रीय सूची/ ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के अभ्यर्थी, जो किसी मानक रियायत का लाभ लिए बिना अपनी योग्यता के आधार पर चयनित होंगे उन्हें आरक्षित श्रेणियों हेतु आरक्षित पदो के सापेक्ष समायोजित नहीं किया जायेगा । ऐसे उम्मीदवारों को अनारक्षित श्रेणी के लिए अनारक्षित रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित किया जायेगा । आरक्षित रिक्तियां अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) केंद्र सूची और ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) अभ्यर्थियों द्वारा अलग से भरी जायेगी।

ix. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) - केन्द्रीय सूची एवं ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के अभ्यर्थी, जो मानक रियायतों जैसे कि आयु सीमा, न्यूनतम आवश्यक प्राप्तांक (कट-आफ मार्क्स) इत्यादि के आधार पर उत्तीर्ण होते है, ऐसे अभ्यर्थियों को उनकी मेरिट के अनुरूप अनारक्षित श्रेणी की रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित नही किया जायेगा अपितु आरक्षित श्रेणी के सापेक्ष समायोजित किया जाएगा।

x. ऐसे पूर्व सैनिक जो उनकी पुनः भर्ती हेतु पहले ही पूर्व सैनिको के लिए लागू आरक्षण का लाभ लेकर सिविल क्षेत्र मे समूह - सी एवं डी के पदों मे नियमित सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके है, वे पूर्व सैनिको के लिए लागू आरक्षण और शुल्क रियायत के पात्र नही होंगे । हालांकि, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) ज्ञापन क्रमांक 36034/1/2014 - Estt. (Res) दिनांकित 14/08/2014 के अनुसार पूर्व सैनिक सिविल रोजगार प्राप्त करने के तुरंत बाद, यदि संबन्धित नियोक्ता को स्व-घोषणा/

अंडरटेकिंग के माध्यम से उनके द्वारा सिविल रोजगार प्राप्त करने के पूर्व मे विभिन्न रिक्तियों हेतु किये गये आवेदनो का तिथि वार विवरण प्रदान करता है, तो वो आगामी रोजगार हेतु पूर्व सैनिक के रूप मे आरक्षण का लाभ ले सकता है।

xi. ऐसे अभ्यर्थी जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अंतर्गत आते हैं उन्हें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) ज्ञापन क्रमांक 36039/1/2019 – Esst. (Res) दिनांकित 31.01.2019, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025 -2026 की सकल वार्षिक आय के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध आय और संपत्ति प्रमाण पत्र की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

## (6) आयु सीमा :

(i) अभ्यर्थियों की महत्वपूर्ण तिथि पर आयु न्यूनतम 18 वर्ष या अधिक एवं अधिकतम 30 वर्ष या कम होनी चाहिये । आयु सीमा में विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियो को अधिकतम 30 वर्ष की ऊपरी आयु सीमा में रियायत (वर्ष मे) '**तालिका ग**' में निम्नानुसार वर्णित है :

तालिका (ग): <u>विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित अधिकतम आयु छूट सीमा</u>

| क्र० स० | श्रेणी | अधिकतम आयु छूट ऊपरी आयु सीमा से परे (महत्वपूर्ण तिथि 05/08/2026 को) |
|---|---|---|
| 1 | **अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग** | कोई छूट नहीं |
| 2 | **अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति** | 5 साल |
| 3 | **अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) केंद्रीय(central list) सूची** | 3 साल |
| 4 | **पूर्व सैनिक (ईएसएम्)** | रक्षा सेवाओं में प्रदान की गई सेवा की वास्तविक अवधि + 3 वर्ष । (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित उम्मीदवार, जो भूतपूर्व सैनिकों की श्रेणी में आते हैं, दोनों श्रेणियों के तहत संचयी आयु-छूट के पात्र होंगे, इस शर्त के अधीन कि उनकी वास्तविक आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। ) |
| 5 | **विभागीय कर्मचारी (कोल इंडिया एवं उसकी अनुषंगी कम्पनियों के समस्त कर्मचारी)** | कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं |

(ii) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि कि अपने आवेदन मे अपनी जन्मतिथि मैट्रिक / माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र/ दसवी कक्षा या समकक्ष प्रमाण पत्र जो कि केंद्रीय / राज्य बोर्ड द्वारा जारी किये गये हैं, के अनुरूप ही अंकित करे ।

## (7) आवेदन शुल्क :-

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान '**तालिका घ**' के अनुसार करना होगा:

तालिका (घ): <u>परीक्षा शुल्क दर्शाती तालिका ।</u>

| | |
|---|---|
| **अनारक्षित/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग** | रु०1000/- + लागू जीएसटी रु०180/- = कुल रु०1180/- (रुपये एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) |
| **अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पूर्व सैनिक/ विभागीय कर्मचारी** | **कोई शुल्क नहीं** |

**नोट 1:** निर्धारित शुल्क के बिना आवेदन विचारणीय नही होगा और अस्वीकृत कर दिया जायेगा । इस तरह की अस्वीकृति के

संदर्भ में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नोट 2:** एक बार भुगतान किया गया शुल्क न तो वापस किया जायेगा और न ही किसी भी परिस्थिति में समायोजित किया जायेगा।

**नोट 3:** निर्धारित आवेदन शुल्क के अतिरिक्त कोई भी कर या बैंक शुल्क उम्मीदवारों द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।

**नोट 4:** आवेदन शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए कोई अन्य तरीका नहीं होगा। यदि कोई उम्मीदवार किसी गलत खाते में शुल्क जमा करता है तो एनसीएल जिम्मेदार नहीं होगा।

## (8) कदाचार के दोषी पाये गये अभ्यार्थियीं के विरुद्ध कार्यवाही:

I. कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के समय यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अनुचित साधनों का उपयोग करने या छलवेषण या दुर्व्यवहार करने का दोषी पाया जाता है या चयन के लिए अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में किसी अन्य अनुचित साधनों का सहारा लेना या किसी तरीके द्वारा अपनी उम्मीदवारी का समर्थन प्राप्त करता है तो, ऐसा अभ्यर्थी आपराधिक अभियोजन के लिए उत्तरदायी होगा और कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। कंपनी ऐसे अभ्यर्थियों को कंपनी की किसी भी आगामी चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने से भी रोक सकती है।

II. यदि यह पता लग जाता है कि नियुक्ति प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी ने आवेदन पत्र में या किसी भी दस्तावेज़ में/ उसकी योग्यता, श्रेणी/ जाति और अनुभव के सम्बन्ध में कोई गलत जानकारी/ विवरण प्रस्तुत किया है या आवेदन पत्र में किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को विलोपित किया है / बहुअर्थी रूप से प्रस्तुत किया है, तो उसकी सेवा परिवीक्षा/ प्रशिक्षण अवधि के दौरान या कम्पनी में सेवा के नियमितीकरण होने के उपरान्त भी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जाएगी।

III. किसी भी रूप उपार्थना को अयोग्यता माना जायेगा।

## (9) चयन प्रक्रिया:

I. इस अधिसूचना के तहत निर्दिष्ट ऑनलाइन आवेदन जमा करने की '**महत्वपूर्ण तिथि**' पर आयु और न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले पात्र अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के लिए उपस्थित होना आवश्यक होगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में अभ्यर्थियों के तुलनात्मक प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जायेगा।

II. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में उनके पात्रता के संबंध में उल्लेखित घोषणा के आधार पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में शामिल होने दिया जायेगा। आवेदित पद हेतु अभ्यर्थी की पात्रता के समर्थन मे उनके दावों की जांच / सत्यापन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के परिणाम की घोषणा के बाद केवल उन अभ्यर्थियों के लिए किया जायेगा, जो निर्धारित कट-ऑफ मार्क्स (न्यूनतम योग्यता अंक) के अनुसार कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) उत्तीर्ण करेंगे।

III. प्रत्येक पद के लिए अलग से कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) आयोजित की जायेगी। कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) 90 मिनट की अवधि (एक बैठक में) के लिए 100 अंकों का होगा, जिसमें दो खण्ड (खण्ड-ए और खण्ड-बी) शामिल होंगे; खण्ड-'ए' में तकनीकी ज्ञान (अनुशासन संबंधी) से संबन्धित 70 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे तथा खण्ड-'बी' में सामान्य ज्ञान, सामान्य जागरूकता, तर्क, मौखिक और मानसिक क्षमता एवं मात्रात्मक योग्यता से संबन्धित 30 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा और गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। बिना प्रयास किए गये प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा। प्रश्न पत्र केवल द्विभाषी अर्थात अंग्रेजी और हिंदी में होगा। हालाँकि, हिंदी संस्करण में किसी भी त्रुटि के मामले में, प्रश्न का अंग्रेजी संस्करण वैध और अंतिम होगा।

IV. कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के लिए पाठ्यक्रम '**अनुलग्नक-ए**' के रूप में संलग्न है।

V. **परीक्षा आयोजन हेतु शहर**: कंप्यूटर आधारित परीक्षा ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित परीक्षा शहरों में आयोजित किया

जाएगा। अभ्यर्थी अपनी प्राथमिकता के अनुसार सूची में से परीक्षा शहरों का विकल्प चुन सकते हैं और ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने के बाद इसे बदला नहीं जा सकता है। अभ्यर्थी को कोई भी परीक्षा शहर को आवंटित करने या अभ्यर्थी द्वारा चुने गए परीक्षा शहर को बदलने का एनसीएल अधिकार सुरक्षित रखता है। आवेदकों की संख्या के आधार पर शहरों की सूची से किसी भी शहर (शहरों) को जोड़ने या हटाने का एनसीएल अधिकार सुरक्षित रखता है।

VI. मेरिट पैनल में अभ्यर्थियों का चयन संबंधित श्रेणी के लिए कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में न्यूनतम योग्यता अंक (कट-ऑफ अंक) नीचे उल्लिखित **'तालिका च'** के अनुसार अर्जित करने एवं निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के उपरांत किया जायेगा ।

**तालिका (च) : <u>मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने के लिए न्यूनतम कट-ऑफ अंक दर्शाती तालिका</u>**

| पद नाम | अधिकतम अंक | अभ्यर्थियों की श्रेणी | न्यूनतम कट-ऑफ |
|---|---|---|---|
| **माइनिंग सरदार टी एण्ड एस ग्रेड- सी** | 100 | अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग | 50 अंक |
| | | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पूर्व सैनिक/ अन्य पिछड़ा वर्ग-नॉन क्रीमी लेयर | 40 अंक |
| **सर्वेक्षक (खनन) टी एण्ड एस ग्रेड- बी** | 100 | अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग | 50 अंक |
| | | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पूर्व सैनिक/ अन्य पिछड़ा वर्ग- नॉन क्रीमी लेयर | 40 अंक |

VII. कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के सफल समापन के बाद परीक्षा का परिणाम एनसीएल के वेबसाइट पर जल्द से जल्द प्रकाशित किया जायेगा।

VIII. विभिन्न पदों के संबंध में एनसीएल की वेबसाइट पर, प्राप्तांक कट-ऑफ और उससे ऊपर और पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों के अनंतिम मेरिट पैनल टाई रूल लगाने के बाद प्रकाशित किए जाएंगे।

IX. ऐसे अभ्यर्थी को,जो न्यूनतम योग्यता अंक (तालिका 'घ' में प्रदान किए गए न्युनतम कट-ऑफ) के बराबर या उससे अधिक अंक प्राप्त करेंगे, केवल उन्हें उनके मूल अभिलेखो एवं विभिन्न प्रमाणपत्रों की जांच / सत्यापन के लिए, विभिन्न पदों हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) मे प्राप्त अंको के क्रम के अनुरूप उपस्थित होने के लिए सूचित किया जाएगा और ऐसा उस सीमा तक किया जाएगा जब तक की अधिसूचित रिक्त कुल पद भर नहीं लिए जाते। अभ्यर्थियों को इस रोजगार अधिसूचना में जांच / सत्यापन के लिए अधिसूचित पात्रता मानदंड के अनुसार सभी मूल प्रमाण पत्रों / दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। जाँच/ सत्यापन के लिए तिथि, समय एवं स्थान को एनसीएल की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा एवं अभ्यर्थियों को तदनुसार रिपोर्ट करना होगा। निर्धारित समय के अंदर सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं संबन्धित दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करने में विफलता की स्थिति में, ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द मानी जाएगी।

X. पदों के लिए आयोजित CBT में ऐसे मामलों में जहां एक से अधिक अभ्यर्थी समान अंक हासिल करते हैं, एक के बाद एक निम्नलिखित तरीकों को लागू करके टाई को हल किया जाएगा:

   i. अभ्यर्थी जो कि खण्ड- 'ए' में (जैसा कि ऊपर क्लॉज 9 **(III)** में दिया गया है) ज्यादा स्कोर करेगा उसे प्राथमिकता दी जाएगी, फिर

   ii. अभ्यर्थियों की उम्र (जन्म तिथि)के आधार पर अधिक उम्र वाले को प्राथमिकता दी जाएगी, फिर

   iii. अंग्रेजी वर्णमाला क्रम जिसमें अभ्यर्थियों के नाम (मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र में दिए गए अनुसार) दिखाई देते हैं।

XI. कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट पैनल तैयार किया जाएगा ।

XII. अस्थायी नियुक्ति पत्र सफल अभ्यर्थियों को उनकी तुलनात्मक योग्यता, उनकी पद हेतु पात्रता के अनुसार और विभिन्न संवर्गों हेतु आरक्षित श्रेणी के पदों के आरक्षण , अन्य प्रावधानों एवं रिक्तियों की उपलब्धता पर विचार करने के बाद जारी किया जायेगा ।

XIII. यदि यह जाँच / सत्यापन के दौरान, या प्रशिक्षण के दौरान, या यहां तक कि रोजगार के दौरान पाया जाता है, कि उम्मीदवार किसी भी संबंध में पात्रता मानदंड को पूरा नहीं कर रहा है, तो उसकी उम्मीदवारी / नियुक्ति रद्द कर दी जायेगी ।

## (10) उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश:

*i.* ***एक अभ्यर्थी (इस रोजगार अधिसूचना के अनुसार) केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकता है।***

*ii.* सभी योग्यताओं को एआईसीटीई/यूजीसी/उपयुक्त भारतीय सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

*iii.* आवेदन जमा करने से पहले, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह रोजगार अधिसूचना में उल्लिखित सभी पात्रता मानदंडों और अन्य मानदंडों को पूरा करता है। आवेदक अंतिम रूप से आवेदन जमा करने से पहले ये सुनिश्चित कर ले कि वे आवेदन पत्र में उनके द्वारा दी गई जन्मतिथि ,संवर्ग श्रेणी, पत्राचार हेतु पता एवं योग्यता पूर्णतः सही है, क्योंकि एक बार आवेदन को ऑनलाइन जमा किए जाने के बाद आवेदन पत्र मे कोई भी सुधार संभव नहीं होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

*iv.* पात्रता मानदंड, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, पद के लिए चयन का तरीका आदि के बारे में एनसीएल प्रबंधन का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। मात्र न्यूनतम योग्यता और नौकरी की आवश्यकताओं को पूरा करने पर अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) / दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाये ऐसा उनका अधिकार नहीं । अयोग्य पाए गये एवं कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)/ दस्तावेजों के सत्यापन के लिए नहीं बुलाए गए अभ्यर्थियों से कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

*v.* किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड जारी करने का अर्थ यह नहीं होगा कि उसकी उम्मीदवारी को एनसीएल द्वारा पुष्टि कर दी गई है। किसी भी अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तब तक प्रावधिक रहेगी जब तक कि अभ्यर्थी द्वारा CBT में उत्तीर्ण होने के उपरांत बुलाये जाने पर एनसीएल द्वारा उनके मूल दस्तावेजो की जांच कर यह सुनिश्चित नहीं कर लिया जाता है कि अभ्यर्थी समस्त अधिसूचित अर्हयताओ की प्रतिपूर्ति करता है।

*vi.* उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उस पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा करें जिसके लिए उन्होंने आवेदन किया है। यदि यह चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण पर या नियुक्ति के बाद भी यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने झूठी या गलत जानकारी प्रस्तुत की है या किसी प्रासंगिक जानकारी / भौतिक तथ्यों को छुपाया है या पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी / सेवा बिना सूचना दिए रद्द / समाप्त कर दी जाएगी।

*vii.* न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में कोई छूट, जैसा कि खण्ड '**3**' में निर्धारित है, किसी भी श्रेणी के अभ्यर्थियों लिए स्वीकार्य नहीं है।

*viii.* जहां भी ग्रेड (सीजीपीए / ओजीपीए / डीजीपीए आदि) व्यवस्था लागू किया जाता है, ग्रेड के प्रतिशत में रूपांतरण के लिए संबंधित बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा विधिवत जारी किया गया प्रमाण पत्र, मूल दस्तावेजों की जांच / सत्यापन के समय उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है ।

*ix.* इस रोजगार अधिसूचना के तहत निर्धारित '**महत्वपूर्ण तिथि**' पर आयु एवं अन्य सभी पात्रता मानदंड की पात्रता पूर्ण होनी चाहिए।

*x.* अभ्यर्थियों को ध्यान से ऑनलाइन आवेदन पत्र में उनकी श्रेणी (सामान्य / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर) / पूर्व सैनिक / ईडब्ल्यूएस आदि) को भरना चाहिए। चयन प्रक्रिया के बाद के चरण में श्रेणी के किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द / समाप्त कर दी जाएगी ।

*xi.* भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवा और पदों में पुनर्नियोजन) संशोधन नियम, **1986** के तहत पूर्व सैनिकों का लाभ उठाने के लिए, भूतपूर्व सैनिकों को दस्तावेज सत्यापन के समय भारतीय संघ की थल सेना/नौसेना/वायु सेना द्वारा जारी किया गया सेवामुक्ति प्रमाणपत्र या अन्य सम्बंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

*xii.* सभी दस्तावेजों (जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, *ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र* आदि) उन्हे जारी करने वाले कार्यालय से सत्यापित किये जायेंगे । यदि प्रमाण पत्र कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के बाद के किसी भी चरण में संतोषजनक / वास्तविक नहीं पाए जाते हैं तो अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी ।

*xiii.* अभ्यर्थियों के पास एक सक्रिय ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए जो कम से कम अगले एक वर्ष के लिए वैध रहना चाहिए। उम्मीदवारों के साथ सभी पत्राचार रजिस्टर्ड *ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर (जैसा आवश्यक हो)* के माध्यम से किया जाएगा और सभी सामान्य जानकारी एनसीएल वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की जाएगी। ***हालांकि, एडमिट कार्ड केवल एनसीएल वेबसाइट के माध्यम से प्रदान किया जाएगा और उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा।*** आवेदन पत्र, एडमिट कार्ड और अन्य जानकारी प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने की जिम्मेदारी उम्मीदवारों की स्वयं की होगी। एनसीएल अभ्यर्थी द्वारा प्रदान किए गए अमान्य / गलत / अपूर्ण संपर्क विवरणों के कारण या देरी / सूचना प्राप्त न होने के कारण, दस्तावेज़ के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

ऑनलाइन आवेदन भरने में अभ्यर्थियों को आने वाली किसी भी समस्या के मामले में वे व्यक्तिगत लॉगिन पोर्टल में उपलब्ध **"हेल्प डेस्क विकल्प"** पर उल्लेख कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र के अलावा अन्य प्रश्नों के लिए उम्मीदवार ई-मेल आईडी: recruitment.ncl@coalindia.in पर भी लिख सकते हैं।

*xiv.* ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में नेटवर्क (ऑनलाइन माध्यम) की क्षमता सीमित होने से ऑनलाइन आवेदन में आने वाली परेशानी से बचने के लिए इस रोजगार अधिसूचना में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पहले अभ्यर्थियों को आवेदन कर देने की सलाह दी जाती है।

*xv.* एनसीएल उन अभ्यर्थियों के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा, जो एनसीएल के नियंत्रण से परे किन्हीं कारणों से निर्धारित तिथियों के भीतर अपने आवेदन ऑनलाइन जमा नहीं कर पा रहे हैं।

*xvi.* कंप्यूटर आधारित परीक्षा के पूरा होने के 04 दिनों के बाद उम्मीदवारों से टिप्पणियों / आपत्तियों को यदि कोई हो तो आमंत्रित करने के लिए **प्रतिक्रिया क्वेरी प्रबंधन** (Response Query Management) को एनसीएल वेबसाइट पर चालू कर दिया जाएगा। आपत्ति प्रबंधन के लिए लिंक केवल 04 दिनों के लिए चालू किया जाएगा। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

*xvii.* एनसीएल, कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने, परीक्षा की तिथि और स्थान आदि को फिर से निर्धारित करने या परिस्थितियों के आधार पर किसी भी विज्ञापित शर्त को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

*xviii.* केन्द्रीय सरकार / राज्य सरकार / स्वायत्त निकाय / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत किसी भी अभ्यर्थी के पिछले रोजगार के सेवा बांड / वेतन / अवकाश वेतन / पेंशन अंशदान, आदि के किसी भी दायित्व को एनसीएल वहन नहीं करेगा ।

*xix.* सरकारी विभाग / अर्ध सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (विभागीय अभ्यर्थियों सहित) / स्वायत्त निकायों में नियोजित अभ्यर्थियों को अंतिम चयन उपरांत मूल दस्तावेजों की जांच / सत्यापन के समय **"अनापत्ति प्रमाणपत्र"** प्रस्तुत करना होगा ।

*xx.* चयनित अभ्यर्थियों को एनसीएल के किसी भी खदान / इकाई में पदस्थापित किया जा सकता है और आवश्यकता होने पर उनकी सेवा के दौरान किसी भी समय कोल इंडिया लिमिटेड की अन्य अनुषंगी कंपनियों मे स्थानांतरित किया जा सकता है ।

*xxi.* चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति कोल इंडिया लिमिटेड की चिकित्सा जाँच से संबंधित एवं निर्धारित नियमों के अनुसार कंपनी की चिकित्सा जाँच में चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने के अधीन होगी।

*xxii.* अभ्यर्थी का चयन प्रावधिक होगा एवं पात्रता मानदंड, चरित्र, पूर्ववृत्त और अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गये विभिन्न दस्तावेजों की सत्यापन के अधीन एवं एनसीएल के नियमों के तहत, नियुक्ति के लिए लागू, अन्य प्रावधानों के अधीन होगा ।

*xxiii.* एनसीएल में अभ्यर्थी की नियुक्ति निर्धारित प्राधिकारियों द्वारा चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन के अधीन होगी और यदि कोई विसंगति / तथ्य को छिपाया जाता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में एनसीएल का निर्णय अंतिम होगा।

*xxiv.* कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) और अन्य विवरण की तारीख बाद में सूचित की जाएगी। अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के लिए एनसीएल द्वारा उन्हें आवंटित केंद्र / परीक्षा स्थल पर उपस्थित होना होगा। केंद्र / परीक्षा स्थल में कोई परिवर्तन संबन्धित किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

*xxv.* आवश्यकता पड़ने पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा कई पालियों में आयोजित की जा सकती है। ऐसे मामले में, कंप्यूटर आधारित परीक्षा स्कोर के सामान्यीकरण के लिए निम्नलिखित उपयुक्त स्कोर नॉमिलाइजेशन फार्मूला '**तालिका छ**' के अनुसार अपनाया जाएगा।

**तालिका (छ): <u>कंप्यूटर आधारित परीक्षा स्कोर के नॉर्मलाइज़ेशन के लिए सूत्र दर्शाने वाली तालिका।</u>**

| **Normalized score for each candidate (Xn) = Xn = (S2/S1)*(X- Xav) + Yav** | |
|---|---|
| **S2** | Is the SD of the shift with the Highest Average Score taken as **Base** for normalization (Criteria for choosing the base for normalization is generally taken as the shift with 'Highest Average' of raw scores) |
| **S1** | Standard Deviation for the corresponding shift (to be scaled to S2) |
| **X** | Raw score of a candidate |
| **Xav** | Simple average of the shift |
| **Yav** | Average corresponding to shift with highest Average (taken as **Base** for normalization) |

*xxvi.* कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के लिए बुलाये गये एससी / एसटी अभ्यर्थियों को नियमानुसार द्वितीय श्रेणी- नॉन-एसी रेल किराया का भुगतान किया जाएगा। हालाँकि, उन्हें ***इस अधिसूचना (अंत में) के साथ दिये गए उपयुक्त टीए क्लेम प्रारूप*** में अपने दावों को प्रस्तुत करना होगा, साथ ही सभी वांछित संलग्नक जैसे जाति प्रमाण पत्र, परीक्षा स्थल तक आने की यात्रा मे प्रयुक्त टिकट की फोटोकॉपी (अनिवार्य) और अपने गंतव्य हेतु वापसी रेलवे टिकट / बस यात्रा टिकट (वैकल्पिक),सहित दावा कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) सम्पन्न होने के बाद पर्यवेक्षक को जमा करना होगा। बाद के दावों के साथ-साथ अधूरी जानकारी वाले दावों पर विचार नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्र की दूरी की गणना अभ्यर्थी के स्थायी पते या वास्तविक यात्रा के स्थान से, जो भी कम हो,से किया जाएगा। यदि, अभ्यर्थी ने केवल आने की यात्रा का टिकट जमा किया है और वापसी यात्रा के टिकट जमा नहीं किए हैं तो दावों को आने की यात्रा के किराया का दो गुना तक माना जायेगा और इसका भुगतान नियम के अनुसार किया जायेगा।

*xxvii.* CBT में उपस्थित होने, प्रमाणपत्रों एवं दस्तावेजों की जांच / सत्यापन या चयनित होने पर शामिल होने के लिए इस रोजगार अधिसूचना में निर्दिष्ट के अलावा, कोई टीए / डीए, भुगतान नहीं किया जायेगा।

xxviii.***अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर CBT में उपस्थित होने के लिए स्वयं के जोखिम पर उपस्थित होगा और नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड किसी भी क्षति या हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।***

*xxix.* एनसीएल प्रबंधन भर्ती प्रक्रिया को संशोधित / प्रतिबंधित / बढ़ाने / रद्द करने का एवं बिना कारण बताए अपने विवेक पर, रिक्तियों की संख्या को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। एनसीएल प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में कोई अपील स्वीकार नहीं की जायेगी।

*xxx.* इस भर्ती से संबंधित सभी भावी संचार / सूचना एनसीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को आगे के अपडेट के लिए नियमित रूप से एनसीएल वेबसाइट (www.nclcil.in) पर जाने / चेक करने की सलाह दी जाती है।

*xxxi.* किसी भी विवाद के लिए न्यायालय का क्षेत्र माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर म.प्र होगा।

*xxxii.* किसी भी अस्पष्टता / भ्रम की स्थिति में, इस रोजगार अधिसूचना के अंग्रेजी संस्करण को वैध माना जायेगा।

## (11) आवेदन कैसे करें:

i. अभ्यर्थियों को एनसीएल की आधिकारिक वेबसाइट www.nclcil.in<u>**> कैरियर> भर्ती> विभिन्न वैधानिक पदों की सीधी भर्ती के लिए रोजगार अधिसूचना> लॉगिन कर ऑनलाइन आवेदन**</u> करने की सलाह दी जाती है।

ii. रोजगार अधिसूचना अंग्रेजी और हिंदी दोनों में उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इनमें से किसी एक का चयन कर सकते हैं।

iii. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी पात्रता का आकलन करने के लिए पूर्ण रोजगार अधिसूचना के प्रावधानों को ध्यान से देखें।

iv. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पूर्व सैनिक / विभागीय अभ्यर्थियों के अलावा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से केवल – रु० 1000 + लागू जीएसटी रु० 180 = रु०1180 (एक हजार एक सौ अस्सी रुपये मात्र) की गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

v. ऑनलाइन आवेदन करते समय, अभ्यर्थी को निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगे: -

- हाल के पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ की स्कैन की गई प्रति (jpg/jpeg प्रारूप में जो **3** सप्ताह से अधिक पुरानी न हो)।
- काली स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रति (jpg/jpeg प्रारूप में)।
- दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां (pdf/jpg/jpeg प्रारूप में), जो इस प्रकार हैं:

(क) मैट्रिक / माध्यमिक बोर्ड स्तर के प्रमाण पत्र की स्कैन की गई प्रति।

(ख) **माइनिंग सरदार टी एंड एस ग्रेड सी पद के लिए –**

1) कोयला खान विनियम 2017 के तहत डीजीएमएस द्वारा जारी वैध '**माइनिंग सरदार/ओवरमैन के सक्षमता प्रमाण पत्र**' या खनन में कोई अन्य प्रमाण पत्र जो कोयला खान विनियम 2017 के अनुसार आवेदक को कोयला खदान में माइनिंग सरदार के रूप में कार्य करने के लिए मान्य हो, की स्कैन की गई प्रति ।
2) वैध गैस परीक्षण प्रमाण पत्र की स्कैन की गई प्रति ।
3) वैध प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण पत्र की स्कैन की गई प्रति ।

**सर्वेक्षक (खनन) टी एंड एस ग्रेड बी पद के लिए -** कोयला खान विनियम 2017 के तहत डीजीएमएस द्वारा जारी वैध '**सर्वेक्षक सक्षमता प्रमाण पत्र**' या खनन में कोई अन्य प्रमाण पत्र जो कोयला खान विनियम 2017 के अनुसार आवेदक को कोयला खदान में सर्वेक्षक के रूप में कार्य करने के लिए मान्य हो, की स्कैन की गई प्रति ।

(ग) **माइनिंग सरदार टी एंड एस ग्रेड सी पद के लिए** – किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से खनन अभियांत्रिकी में डिग्री या डिप्लोमा की स्कैन की गई प्रति ।

**सर्वेक्षक (खनन) टी एंड एस ग्रेड बी पद के लिए -** किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से खनन / खान सर्वेक्षण अभियांत्रिकी में डिग्री या डिप्लोमा की स्कैन कॉपी।

(घ) अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में वैध प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति अपलोड करनी होगी।

(ङ) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों को डीओपीटी के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-Estt. (Res) दिनांक 31.01.19 पीपीजी एंड पी मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-2026 की सकल वार्षिक आय के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध आय और संपत्ति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति अपलोड करनी होगी।

(च) जम्मू और कश्मीर अधिवास के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी प्रमाण पत्र।

vi. एक अभ्यर्थी इस रोजगार अधिसूचना के तहत केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकता है ।

vii. यदि किसी अभ्यर्थी से एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो नवीनतम (वर्तमान) आवेदन को अंतिम माना जाएगा।

viii. ऑनलाइन आवेदन में आवश्यक / स्पष्ट दस्तावेजों को संलग्न न करने की स्थिति में आवेदन को अपूर्ण माना जाएगा और इसे खारिज कर दिया जाएगा। सभी आवश्यक फ़ील्ड भरने के बाद, अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना है कि उसके द्वारा प्रस्तुत डेटा सही है और उसके बाद स्वघोषित बॉक्स पर चेक करने के बाद ही अभ्यर्थी फॉर्म जमा कर सकता है क्योंकि फॉर्म जमा करने के बाद आवेदन में किसी भी तथ्य में किसी भी बदलाव की अनुमति नहीं है। *अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य में संदर्भ के लिए ऑनलाइन भरे गए आवेदन का प्रिन्ट आउट अपने पास रखें।*

## (12) विशेष नोट :

*i.* *अभ्यर्थी को न तो ऑनलाइन आवेदन न ही प्रासंगिक प्रमाणपत्रों की प्रतियां की हार्ड कॉपी पोस्ट / डिस्पैच करने की आवश्यकता है ।*

*ii.* *अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में उनकी स्वघोषणा के एकमात्र आधार पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। स्वघोषणा संबंधित रोजगार अधिसूचना को गंभीरता से पढ़ने एवं सभी प्रावधानों, नियमों और शर्तों को पूरी तरह से समझते हुए अपनी स्वयं की आवेदित पद हेतु पात्रता के धारण करने के संबंध में एवं अभ्यर्थी को इस तथ्य के बारे संज्ञान होने कि उसका रोजगार उसके बारे में उसके दावे की जांच, उसकी पात्रता और ऊपर लिखित रूप में सामान्य कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में उसका प्रदर्शन के अधीन है, के लिए होगा ।*

*iii.* *नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड उसकी आवेदित पद हेतु पात्रता की पुष्टि के रूप में जारी नहीं किया जाएगा। इसी तरह कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में न्यूनतम अर्हक अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थी को नियुक्ति का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा । नियुक्ति के लिए मेरिट सूची उन सभी अभ्यर्थियों के संबंध में, जो न्यूनतम योग्यता अंक स्कोर करते हैं, अधिसूचना में निर्धारित सभी पात्रता मानदंड को पूरा करने के आधार पर निर्धारित की जाएगी ।*

*iv.* ***एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की अनुमानित तिथि, कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की अनुमानित तिथि एवम् परिणामों की अनुमानित तिथि इत्यादि, की घोषणा केवल एनसीएल की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदान की जाएगी ।***

## (13) एनसीएल का निर्णय अंतिम :

अभ्यर्थियों के लिए , पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, गलत सूचना के लिए दंड, चयन का तरीका, परीक्षा आयोजित करने, परीक्षा केंद्रों का आवंटन, चयनित अभ्यर्थियों के चयन और पोस्टिंग से संबंधित सभी मामलों में एनसीएल प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**महाप्रबंधक (भर्ती)**
**एनसीएल, सिंगरौली**

**<u>खंडन</u>**

*एनसीएल (नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) में पूर्णकालिक रोजगार हासिल करने के झूठे वादे करके या अनुचित या अनैतिक साधनों के उपयोग नौकरी दिलाने के दावे करने वाले जॉब रैकेटर्स से सावधान रहें। एनसीएल ने अपनी ओर से कार्रवाई के लिए कोई एजेंट या कोचिंग नहीं नियुक्त किया है। व्यक्तियों / एजेंसियों द्वारा किए जा रहे ऐसे किसी भी दावे के खिलाफ अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है। अभ्यर्थियों का चयन विशुद्ध रूप से मेरिट के अनुसार किया जाता है। बेईमान तत्वों से सावधान रहें और उनके जाल में न पड़ें। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एनसीएल को प्रभावित करने का प्रयास करने वाले अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित किया जायेगा और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की जा सकती है।*

........................................................................................................................................

\

अनुलग्नक-ए

# SYLLABUS

## Post Name: Mining Sirdar T&S Gr. C

**Section -A**
**(1-70 questions, MCQ of one mark each)-70 Marks**

1. Opencast coal mine working; bench formation, dump management and haul road design.
2. Shot firing and transport and use of explosives in mines.
3. Safety issues in opencast workings, transport of material, working at heights, marching and deployment of heavy machines etc.
4. Preliminary idea about reclamation operation in opencast mining.
5. Preliminary understanding about safety management plan.
6. Provisions of the Coal Mines Regulations 2017, Rules and Bye-laws made under the Mines Act 1952, relating to the safety of persons employed in Mines in general and to the duties of Sirdars and Shot firer's in particular.
7. Mines Rules, 1955, Mines Vocational Training Rules, 1966, Mines Rescue Rules, 1985, DGMS Circulars issued from time to time
8. Writing of reports.
   Etc. as per the courses offered by the Recognized Institutes.

**Section -B**
**(1-30 questions, MCQ of one mark each)-30 Marks**

**This section is common for all Posts, will carry 30 questions belonging to**:-
1. **General Knowledge** -About India and its international relations, General Science etc.
2. **General Awareness -** About Sports, Defense, Books, Prizes, About Indian democracy etc.
3. **Reasoning, Verbal & Mental Ability** - Synonym & Antonym (Hindi/English), Grammar, Relationship etc.
4. **Quantitative aptitude -** Work relationship, Profit &Loss, Speed etc.

## Post Name: Mine Surveyor T&S Gr. B.

**Section -A**
**(1-70 questions, MCQ of one mark each)-70 Marks**

1. **Linear Measurement:** Instruments for measuring distance ranging; chain surveying; errors in Chaining and plotting; Optical Square.
2. **EDM:** Principles of measurement; types; correction and selection of instruments.
3. Angular Measurement: Prismatic Compass; bearing of lines; Local Attraction; Magnetic Declination.
4. **Plan Table Surveying:** Methods Contouring using plain table and micro-optic alidade.
5. Miners' dials and other compass instruments: dialing; loose and fast needle surveying.
6. **Theodolite:** Modern Micro-Optic theodolite; Measurement of Horizontal and vertical angles; theodolite traversing; traverse calculation; computation of co-ordinates; adjustment of traverse; temporary and permanent adjustment.
7. **Total Stations;** Surveying by total stations, errors, adjustments, and applications.

8. **Levelling:** levelling Instrument; types of levelling; booking and reduction methods; temporary and permanent adjustment of levels; geometrical, trigonometric and physical levelling; characteristics and uses of contours; method of contouring; traverse; co- ordinates and levelling problems.
9. Tachometry
10. **Controlled surveys:** Triangulation; Trilateration; application of GPS and total station in mine surveying.
11. Use, Care, Testing and adjustments of instruments.
12. **Field astronomy:** Astronomical terms; determination of true bearing by equal altitude method; Gyro Theodolite; Principles and determination of Gyro north, astronomical
    Triangle; conversion of time systems and precise determination of azimuth by astronomical methods.
13. **National Grid:** Map Projections Cassini Lambert's polyconic and universal transfers Mercator; Transformation of Coordinates, vertical projections; mine models.
14. **Geodesy:** Geode, Spheroid and ellipsoid, geo centric, geodetic and astronomical coordinates orthometric and dynamic heights.
15. **Photogrammetry:** Introduction; Scale of a vertical photograph; Photographs Vs Maps; Application of Photogrammetry and remote sensing in Mining.
16. **Theory of errors and adjustments:** Causes and Classification of errors; Inclines of precision; laws of weight propagation and adjustments of errors; adjustments of triangulation figures.
17. Traversing along steep topography with or without auxiliary telescope. Traversing along steep topography with or without auxiliary telescope.
18. Area and volume calculation; different methods and their limitations: earth work and building estimation; laying out of rain and haul road curves; determination of azimuth latitude and longitude.
19. Borehole surveying and calculations, dip, strike, outcrop and fault problems.
20. Types of plans for opencast workings, their preparation, care, storage and preservation: Legislation concerning mine plans and sections; duties and responsibilities of surveyors.
21. Geological map reading.
22. Application of Computers in mine surveying and preparation of mine plan, 3D laser profiling of surfaces and bench/ slopes.
23. Profiling of benches, high wall, dumps.
24. Dump/High wall stability monitoring using different instruments like laser scanner/continuous real time monitor.
25. **Knowledge of software's**: Surpac Software, Autocad Software, Liscad Software, Autoplotter Software, Riscan pro Software.
26. **Knowledge of Modern Survey Equipment's** : 3D Terrestrial Laser Scanner, Global Positioning System, Drone.
    Etc. as per the courses offered by the Recognized Institutes.

## Section -B

**(1-30 questions, MCQ of one mark each)-30 Marks**

**This section is common for all Posts, will carry 30 questions belonging to**:-

1. **General Knowledge** -About India and its international relations, General Science etc.
2. **General Awareness -** About Sports, Defense, Books, Prizes, About Indian democracy etc.
3. **Reasoning, Verbal & Mental Ability** - Synonym & Antonym (Hindi/English), Grammar, Relationship etc.
4. **Quantitative aptitude -** Work relationship, Profit &Loss, Speed etc.